सांसद कस्वां व पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर ने अग्रसेन नगर आरओबी निर्माण का निरीक्षण किया

■ ओवरब्रिज की डिजायनिंग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का सांसद राहुल कस्वां ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद कस्वां ने ओवरब्रिज की डिजायनिंग सम्बन्धि कमियों से अवगत करवाया।

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ऑफिस में जिला कलेक्टर की उपस्थिति में सांसद राहुल कस्वां, चीफ इंजीनियर ब्रिज सुनील माथुर, अधीक्षण अभियंता सहित विभाग के अधिकारियों ने इस आरओबी को लेकर चर्चा की। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने कहा इस ओवरब्रिज पर पंखा सर्किल से आने वाले ट्रैफिक को सीधी एन्ट्री मिले एवं रतनगर स्थित ओवरब्रिज को निर्माणाधीन अग्रसेन नगर ओवरब्रिज को मर्ज़ कर दिया जाये; ताकि सिंगल एलीवेटड सड़क बन जाये। इस सम्बन्ध में सभी अधिकारियों ने सहमति दिखाई और यह प्लान सरकार के समक्ष पेश कर अतिरिक्त बजट स्वीकृत करवाया जायेगा।

सांसद राहुल कस्वां ने अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का सार्वजनिक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर अधीक्षण अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।

सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि जनता की सहूलियत के लिये यह इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण हो रहा है तो इसमें डिजायनिंग सम्बन्धित दिक्कतें बाद में नासूर न बन यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है, क्योंकि चूरू की जनता पहले से रतननगर सड़क स्थित ओवरब्रिज से काफी परेशान है।

जनता का पैसा, सही ढंग से खर्च हो:– सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि अग्रसेन नगर ओवरब्रिज राज्य सरकार और रेलवे का साझा प्रौजेक्ट है। जनवरी माह में निरीक्षण के दौरान इस ओवरब्रिज में खामियों को लेकर हमने जिले के अधिकारियों से चर्चा की थी। इसके बाद 18 फरवरी को जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन, अतिरिक्त सचिव एवं चीफ इंजीनियर ब्रिज के साथ इस ओवरब्रिज को लेकर विस्तृत चर्चा की और इस दौरान तय हुआ कि चीफ इंजीनियर ब्रिज स्वयं चूरू आकर साईट विज़िट करेंगे। इसी के तहत्त आज ये पूरी प्रक्रिया हुई है। हमारा प्रयास है कि जब इतना बडा बजट जनता के हित्त में लग रहा है तो रोजमर्रा की समस्या बनने की बजाय आगामी लम्बे समय तक जनता के लिये लाभदायक हो।

सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती आज

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा सीकर ने सीकर के सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईज़र भर्ती कैंप का आयोजन पंचायत समितियों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें जीडीएक्स ग्रुप– ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा अधिनियम एक्ट 2005 के तहत ही 130 सुरक्षा जवान एवं 20 सुरक्षा सुपरवाईज़र भर्ती के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। भर्ती अधिकारी राम कृष्ण सिह ने बताया कि भर्ती शिवर में 5 मार्च बुधवार को पलसाना पंचायत समिति में 32 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें नाप तौल वह शारीरिक जांच के बाद 12 का चयन किया गया।

भर्ती अधिकारी राम कृष्ण सिह ने बताया 6 मार्च को पंचायत समिति पिपराली एवं 7 मार्च को पंचायत समिति धोद में प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति जिनकी योग्यता 10वी पास, उम्र 19 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी0, वजन 52 से 96 किलों एवं सुपरवाईज़र के लिए स्नातक, कम्प्यूटर, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी., वजन 58 से 96 किलो हो वे सभी अपनी 10वीं पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर आफलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाईल नम्बर 9667989993 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रों स्टेशन ग्रेटर नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित प्रमाण पत्र के साथ राजस्थान के बड़े–बड़े ओद्योगिक क्षेत्रों जैसे बीकानेर सोलर प्लांट जयपुर कोकाकोला, मारुति सुज़की में 15000 से 18000 हजार तक के मासिक सेलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ ,पेंशन, जीवन बीमा, फेमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा ,प्रमोशन ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं दी जाएगी।

शान्ति समिति की बैठक आज

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भावना शर्मा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट सीकर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 6 मार्च 2025 को शान्ति समिति की बैठक दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना
(आदेश 41 का नियम 14)
न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी स्थान सीकर- झुन्झुनू कैम्प झुन्झुनू
मोहनलाल (मृतक) के विधिक वारिस नथमल वगैरह
विरुद्ध अपील महावीर वगैरह
अपील नंबर 18/2018
एस.डी.ओ. कोर्ट नवलगढ के निर्णय दिनांक 23/11/2017
मुकदमा नम्बर 69/2005 के विरुद्ध अपील पेश की है, जिसमें आपके विरुद्ध-
प्रेषित:-
1/2/1 फूला देवी पत्नी स्व. विनोद पुत्रवधु स्व. महावीर
1/2/2 धर्मपाल पुत्र स्व. विनोद पौत्र स्व. महावीर
1/2/3 संजु पुत्र स्व. विनोद पौत्र स्व. महावीर
1/2/4 गंगा पुत्री स्व. विनोद पौत्री स्व. महावीर
7/1 शारदा धर्मपत्नी स्व. मोतीलाल पुत्रवधु स्व. श्रीराम
7/2 अनिल पुत्र स्व. मोतीलाल पौत्र स्व. श्रीराम
7/3 बुधराम पुत्र स्व. मोतीलाल पौत्र स्व. श्रीराम
7/4 नाथू पुत्र स्व. मोतीलाल पौत्र स्व. श्रीराम समस्त जातिगण भार्गव निवासी मुकंदगढ़ तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनु राज.
12/2 नन्दलाल पुत्र स्व. भगवान सहाय
12/3/1 मंजु देवी धर्मपत्नी स्व. रामलाल पुत्रवधु स्व. भगवान सहाय
12/3/2 नवीन पुत्र स्व. रामलाल पौत्र स्व. भगवान सहाय
12/3/3 नरेन्द्र पुत्र स्व. रामलाल पौत्र स्व. भगवान सहाय
समस्त जातिगण खटीक निवासीगण मुकन्दगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
12/3/4 रितु देवी धर्मपत्नी अनिल चावला पुत्री स्व. रामलाल पौत्री स्व. भगवान सहाय
12/3/5 सुजाता देवी धर्मपत्नी सुनिल चावला पुत्री स्व. रामलाल पौत्री स्व. भगवान सहाय
समस्त जातिगण खटीक निवासीगण शिव कॉलोनी, रोड नं. 3 झुन्झुनू
12/4/1 पवन पुत्र पार्वती देवी पत्नी चम्पालाल दोहिता स्व. भगवान सहाय
12/4/2 वसन पुत्र पार्वती देवी पत्नी चम्पालाल दोहिता स्व. भगवान सहाय
12/4/3 विष्णु पुत्र पार्वती देवी पत्नी चम्पालाल दोहिता स्व. भगवान सहाय
12/4/4 पिंकी पुत्री स्व. पार्वती देवी पत्नी कमलेश जी दोहिती स्व. भगवान सहाय समस्त जातिगण खटीक निवासीगण खटीकों का मोहल्ला बिसाउ तहसील मण्डावा जिला झुन्झुनू
12/5 सुमित्रा देवी पुत्री स्व. भगवान सहाय धर्मपत्नी मोहनलाल जाति खटीक निवासी मोहल्ला खटीकों का फतेहपुर शेखावाटी जिला सीकर
12/6 चुकी देवी स्व. भगवान सहाय धर्मपत्नी शेर सिंह जाति खटीक निवासी सुरजगढ़ तहसील सुरजगढ जिला झुन्झुनू
12/7 भगवती देवी पुत्री स्व. भगवान सहाय धर्मपत्नी पालाराम खटीक निवासी बेरी तहसील व जिला सीकर
15/1 उर्मिला धर्मपत्नी स्व. रामगोपाल पुत्रवधु स्व. नत्थु महाजन
15 / 2 आदित्य पुत्र स्व. रामगोपाल पौत्र स्व. नत्थु महाजन
15/3 अभिषेक पुत्र स्व. रामगोपाल पौत्र स्व. नत्थु महाजन
15/4 पंकज पुत्र स्व. रामगोपाल पौत्र स्व. नत्थु महाजन
समस्त जातिगण बेरीवाला निवासीगण बालाजी मंदिर के पास महाराज गंज जिला महाराजगंज यूपी
18 लीला देवी पुत्री स्व. नत्थु महाजन
19 उर्मिला पुत्री स्व. नत्थु महाजन
20 उषा देवी पुत्री स्व. नत्थु महाजन धर्मपत्नी राकेश नैनसुख निवासी नवलगढ तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में दिनांक 23/11/2017 की डिक्री की अपील अपीलान्ट मोहनलाल के वारिसानों नथमल वगैरह द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा तारीख पेशी 07/04/2025 नियत की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वंय या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। यह आज तारीख 1337/3.3.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।
मोहर
न्यायाधीश
राजस्व अपील अधिकारी सीकर, कैंप झुंझुनू

सार-समाचार

सम्मान समारोह कार्यक्रम

झुंझुनू, (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सीकर के सदस्य मोहम्मद शाकिर का आयोग सदस्य के तौर पर कार्यकाल पूरा होने पर विदाई समारोह जिला उपभोक्ता आयोग झुंझुनूं में बुधवार को रखा गया। सीकर जिला आयोग का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने उनका साफा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान एडवोकेट पवन कुमार ने जिला आयोग सदस्य मोहम्मद शाकिर के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। जिला अभिभाषक संस्था ने प्रतीक चिह्न एवं उपभोक्ता आयोग की ओर से सकारात्मक सोच की प्रतिमा देकर मोहम्मद शाकिर का सम्मान किया गया। इस दौरान जिला अभिभाषक संस्था झुंझुनूं के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र पूनियां, पूर्व अध्यक्ष बिरजूसिंह शेखावत, महासचिव एडवोकेट पवन कुमार, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश महला, चिड़ावा बार संघ के अध्यक्ष शीशराम बोला मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में एडवोकेट रतनलाल मोरवाल, राजकुमार सैनी, मधुसूदन शर्मा, फूलचंद सैनी, एडवोकेट अमजद अली, एडवोकेट सुमित कुमार, जिला आयोग के वरिष्ठ सहायक चंदन सैनी, महावीर मीणा, एजाज नबी, अमित शर्मा, आदिल फारुकी समेत अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

भामाशाह जालान का स्वागत

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी भामाशाह देवेंद्र मंगतूराम जालान का स्वागत अभिनंदन श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को किया गया। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, रमाकांत जालान, प्रदीप जालान, नारायणप्रसाद जालान, सुभाष जालान, निर्मल मोदी, अजीत राणासरिया की उपस्थिति में संस्था की ओर से भामाशाह देवेंद्र मंगतूराम जालान का माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। विदित है कि देवेंद्र मंगतूराम जालान झुंझुनूं सेठ मोतीलाल कॉलेज एवं आदर्श बाल निकेतन स्कूल के पूर्व छात्र हैं। झुंझुनूं वे अपने निजी मांगलिक कार्यक्रम में आए हुए थे तथा श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से प्रतिवर्ष बडी संख्या में गरीब जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्य करवाते रहे हैं।

जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

सीकर (निसं)। सुभाष चौक स्थित नला का बास मैं कल सुबह नेशनल प्लेयर नमन शर्मा पर किये गए जानलेवा हमले के चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है शहर कोतवाल सुनील जांगिड़ ने बताया कि नेशनल प्लेयर नमन शर्मा और उसके परिवार पर पडोस में रहने वाले बल्लभ नवीन पारीक मनोरमा व प्रीति ने जानलेवा हमला कर दिया था हमले में तलवार से वार किए जाने पर नमन शर्मा बुरी तरह घायल हो गया था तथा नमन के पिता कमल व दादा जगदीश भी चोटिल हो गए थे नमन की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया था मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान भूवन भूषण यादव के निर्देश पर तत्काल टीम गठित की गई टीम ने 24 घंटे के भीतर जानलेवा हमले के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया कोतवाली थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

विदाई समारोह आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। गांव पकौड़ी की ढाणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने तिलक निकाल कर और मिठाई खिलाकर अपने सीनियर को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के लिए दो पंखे भेंट किए। सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय जीवन को जीवन का सबसे अनुशासित ढंग से बीतने वाला जीवन बताया। प्रधानाचार्या अनिता सैनी ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए एक कदम आगे बढ़ाना जरूरी भी हैं। समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

यात्रियों की सेवा के लिए शिविर लगाया

झुंझुनूं, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद झुंझुनूं द्वारा खाटूश्यामजी पदयात्रियों के स्वागत व जलपान शिविर में विश्व हिन्दू परिषद झुंझुनूं के जिला सत्संग प्रमुख संत मोहन योगी महाराज के सानिध्य में सनातन धर्म के धार्मिक महत्व प्रकाश डाला और कहा सनातन ही प्रमुख धर्म है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री जयराज जांगिड़, पतंजलि चिकित्सालय डॉ. प्रमोद बलौदा, सुरेश मील भोजासर, किशोर सैनी, रामपाल मील बलरिया ने भी धर्म के विषय जानकारी दी तथा आगंतुक की सेवा की। इस मौके पर रामलाल गर्वा, श्योपाल गर्वा व रामाकिशन सहित काफी संख्या में लोग पधारे।

फागोत्सव 12 को

सीकर (निसं)। सांस्कृतिक मंडल सीकर होली की पूर्व संध्या पर फुलों की होली फागोत्सव,, होली के रंग भगवान श्री राम के संग,,,का आयोजन बावड़ी गेट स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में 12 मार्च को दोपहर 2:15 बजे से किया जाएगा। सांस्कृतिक मण्डल के अध्यक्ष कांता प्रसाद मोर, जानकी प्रसाद इंदौरिया ने बताया कि फागोत्सव में भजन गायक अमित खंडेलवाल व देवीपुरा बालाजी धाम के पवन महाराज शानदार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

आज डेढ़ घंटे बिजली बंद रहेगी

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर ओवर ब्रिज निर्माण के लिये विद्युत लाइन रखरखाव के कारण 6 मार्च गुरूवार को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक 11 केवी सिटी प्रथम से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शहर द्वितीय सहायक अभियंता ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि इसके अंतर्गत रेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड, राठौड़ लॉज के पीछे, लोहिया कॉलेज के पीछे, शास्त्री मार्केट, नई सड़क, क्षीर सागर कुआं, रानी सती मंदिर आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

पैदल यात्रा संघ रवाना हुआ

मुकुंदगढ़, (निसं)। डूंडलोद–मुकुंदगढ़ रोड स्थित अष्ट विनायक धाम का पैदल यात्रा संघ रवाना हुआ। जिसमें मंदिर ट्रस्टी अनु अनिल अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, सूर्यप्रकाश लुहारूका, ऋतु अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, ऋतिक अग्रवाल, ज्योति लुहारु का श्याम भजन कीर्तन गाते हुए चल रहे थे।

जिला वैक्सीन भंडार का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। एनसीसीवीएमआरसी दिल्ली की केंद्रीय टीम जिला वैक्सीन स्टोर निरीक्षण एवं वैक्सीन गुणवत्ता जांचने बुधवार को झुंझुनूं आई। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि यह टीम सात मार्च तक जिले में वैक्सीन परिवहन व भंडारण आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेगी।

केंद्रीय टीम ने जिला स्तरीय स्टोर के निरीक्षण में वैक्सीन रखरखाव पूर्ण एवं गुणवक्तापूर्ण पाया गया है। टीम में डॉ. अनिल बधेल और विमलेश तिवारी शामिल हैं।

आरसीएएचओ डॉ. दयानंद सिंह, जिला वैक्सीन स्टोर प्रभारी प्रवीण कुमार, वीसीसीएम मैनेजर मोहम्मद रफी, कोल्ड चैन ट्रेनर राहुल कुमार एवं कोल्ड चैन टेक्निशियन संदीप माथुर टीम के साथ मौजूद रहे।

केंद्रीय टीम ने जिला वैक्सीन स्टोर का निरीक्षण कर वैक्सीन की गुणवत्ता जांची।

शिविर का शुभारंभ

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी कस्बे के वन विभाग के सामने बुधवार को श्रीश्याम पदयात्रा मंडल शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुनम धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि लीलाधर सैनी थे, जबकि अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन सीताराम ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने बाबाश्यामकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रीश्यामपदयात्रामंडल के संयोजक अनिल गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में फागुन माह में बाबाश्यामके मेले का आयोजन खाटू में किया जाता है।

लोकप्रिय फागोत्सव 'चान्द चढ़या गिगनार' 12 को

पाटन (निसं)। होली के पावन पर्व पर नीमकाथाना में लोक प्रिय फागोत्सव 'चान्द चढ़या गिगनार' का 18वां भव्य आयोजन 12 मार्च, गुरुवार को होने जा रहा है। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

संस्थान के संरक्षक डॉ. हरवंश गोयल ने बताया कि आयोजन को सफल एवं रोचक बनाने के लिए संस्थान के सभी पदाधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संस्थान अध्यक्ष तारा चंद झाझड़िया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव अशोक कश्मीरी, मंच प्रभारी वृज मोहन मिठारवाल, बलवीर चौहान, उम्मेद सिंह, रमेश पटवारी, कला निर्देशक धर्मेंद्र शर्मा, संयोजक एडवोकेट सत्यनारायण यादव एवं अशोक शर्मा जबकि वित्त प्रबंधन का दायित्व नरेश मेगोतिया व नरेश सुंडा को सौंपा गया है। कार्यक्रम का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी कैलाश राजोरिया कर रहे हैं। इस वर्ष कार्यक्रम को विशेष रूप से मनमोहक बनाने के लिए राजस्थानी फिल्मों के चर्चित कलाकार सन्नी अग्रवाल एवं पूजा वशिष्ठ अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों ने भी इस विशेष आयोजन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। राज्य स्तरीय लोक गायिका अनुराधा बीकानेरी एवं लोक नृत्यांगना सहित अन्य कलाकार राजस्थानी और फागुनी गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ टेक उत्सव–25 शुरू

पिलानी, (निसं)। बिरला तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव–2025 का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बिट्स पिलानी के प्रोफेसर डॉ. बीके राउत एवं विशिष्ट अतिथि बीकेबीआईईटी के जीएम कर्मिशियल केके पारीक, बीकेबीआईईटी प्राचार्य डॉ. अनिल शर्मा एवं आईटीआई प्राचार्य कैप्टेन जेपी सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्लोमा प्राचार्य मनोज कुमार गौड ने की। अतिथियों ने विधिवत घोषणा करके महोत्सव का शुभारंभ किया। अतिथियों ने स्टूडेंट्स से हार–जीत को छोड़कर खेल भावना के साथ खेलने की बात कही। गणेश वंदना से शुरु हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सामूहिक नृत्यों से समां बांध दिया। उप प्राचार्य निरंजन शर्मा व विपिन कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष एवं जीआई सहित स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे। वॉलीबॉल का उदघाटन मैच इलेक्ट्रीशियन और मैकेनिकल के मध्य खेला गया। जिसमें इलेक्ट्रीशियन ने 22–07 व 24–11 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मैकेनिकल डिप्लोमा व इलेक्ट्रीशियन आईटीआई के मध्य खेला गया। टेक उत्सव–24 के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरेम, एथलेटिक्स, तकनीकी क्विज, तकनीकी सेमीनार सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ

कस्बे की श्रीजी जानकीनाथ गौशाला में कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ।

खिरोड़, (निसं)। कस्बे की श्रीजी जानकीनाथ गौशाला में बुधवार को गौशाला सेवा समिति के सौजन्य से गौ माता सेवार्थ शिव पुराण कथा का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा सीकर मार्ग पर स्थित श्रीजी मंगल धाम से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल गौशाला पहुंची। कथा महोत्सव के दौरान इस बार 551 महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली।

ग्रामीणों के मुताबिक ऐसा धार्मिक आयोजन खिरोड में पहली बार देखने को मिला है। श्रीजी जानकीनाथ गौशाला सेवा समिति ने इस बार सभी को साथ लेकर चलने की भावना के साथ कलश यात्रा में सभी जाति की महिलाओं को निमंत्रण दिया। कलश यात्रा का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद सभी जाति की महिलाओं ने कलश यात्रा में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाया। कलश यात्रा में ब्राह्मण, राजपूत, महाजन, जाट, मीणा, मेघवाल, धानका, खाती, रावणा राजपूत सहित विभिन्न प्रकार की जातियों की महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर एकता की मिसाल कायम की है। कथा महोत्सव के दौरान व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक पंडित परमेश्वरलाल गुरुकृपा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, राम कथा व शिव पुराण कथा जैसे धार्मिक ग्रंथों के श्रवण करने मात्र से ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। बशर्ते मनुष्य द्वारा इन धार्मिक ग्रंथों को एकाग्रचित होकर सुनना चाहिए।

ऐसे धार्मिक ग्रंथों को सुनने मात्र से ही मनुष्य को पुण्य के फल की प्राप्ति होती है। पंडित गुरुकृपा ने कलश यात्रा में शामिल हुई सभी जातियों की 551 महिलाओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मंगल कलश यात्रा में जो भी कलश लेकर शामिल हुए हैं। उन्हें अवश्य ही पुण्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए मंगल कलश यात्रा निकाली थी। उसके बाद से ही किसी भी धार्मिक कार्य को करने से पहले मंगल कलश यात्रा निकाली जाती है। पंडित गुरुकृपा ने प्रथम दिन की कथा के दौरान शिव पुराण कथा के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय भजनों के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया।

कार्यक्रम का संचालन पंडित शंकरलाल पारीक ने किया। इससे पूर्व कथा महोत्सव में मुख्य यजमान समाजसेवी धर्मवीर सिंह शेखावत ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौशाला व्यवस्थापक रतनलाल शर्मा व दिनेश शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कथा स्थल पर गोपालराम मीणा, कृष्णकांत शर्मा, भगवानसिंह शेखावत, राजेंद्र यादव, योगेंद्र सिंह, सांवरमल शर्मा, इंद्राज मीणा, हरिसिंह, हनुमानसिंह, सुरेश शाह, केशव शाह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कपड़े की दुकान में आग लगी

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार में बुधवार सुबह कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। इस दौरान दुकान में आग लगने से लाखों रूपए का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना पर आसपास के लोगों ने पानी के टैंकरों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बुझाने में सफल नहीं होने पर नगरपालिका खेतड़ी, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड से दमकलों को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान दोनों दमकलों ने आग बुझाने में काफी मशक्कत कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। दुकान मालिक जगदीश प्रसाद ने बताया कि मुख्य बाजार में उनकी सुधीर गारमेंट की दुकान है। उसने सुबह रोजाना की तरह दुकान को खोली थी। इस दौरान जब उसके पास करीब दस बजे ग्राहक कपड़े खरीदने के लिए आया तो वह ग्राहक को कपड़े दिखा रहा था। इस दौरान अचानक बिजली सप्लाई में हरकत होने पर शार्ट सर्किट हो गया तथा दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग पुरी दुकान में फैल गई।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)
क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक:-.....
आपत्ति-आमंत्रण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जयचंद पुत्र श्री भूराराम जाति मेघवाल साकिन वार्ड नं. 25 रावतसर अपने खरीदशुदा भूखंड का नामांतरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा के तहत दिनांक 30.12.2022 को साईज 299.49 वर्गमीटर श्रीमती गौरा पत्नी श्री भूराराम के नाम से पट्टा जारीशुदा है। श्रीमती गौरा की मृत्यु दिनांक 15.10.2024 को हो चुकी है। श्रीमती गौरा के वारिसों धर्मपाल, संतलाल, रोशनी, छिंद्रपाल पुत्र/पुत्रियों श्रीमती गौरा पत्नी भूराराम के द्वारा उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत दस्तावेज दस्तबदारी दिनांक 23.01.2025 को अपने भाई श्री जयचंद को दान कर दिया, जिसका नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर
सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर - 332001
ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572-245057
क्रमांक:-न.वि.न्या/नियमन/2025/790 दिनांक:-05.03.2025
लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति
नगर विकास न्यास सीकर में आवेदक श्री रतीनाथ बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स लिमिटेड जरिये निदेशक दिनेश कुमार खेदड़ जाति जाट निवासी तारपुरा तह. व जिला सीकर द्वारा राजस्व ग्राम चारण का बास तह. सीकर के खसरा नम्बर 2370/500 रकबा 12814.00 वर्गमीटर भूमि का आवासीय योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि मास्टर प्लान 2031 में परिधि नियंत्रण पट्टी में स्थित है, जो कि परिधी नियंत्रण पट्टी में अनुज्ञेय है। टाउनशिप पॉलिसी 2010 के प्रावधान 5.01 (ई) (बी) / प्रावधान3 (iii) (बी) के बिन्दु संख्या 3 अनुसार इस क्षेत्र में जोनल प्लान प्रभावी नहीं होने के कारण हरदयालपुरा से चारण का बास जाने वाली सड़क से 'हरदयालपुरा स्टैण्ड से चारण का बास, चैनपुरा होते हुए श्यामपुरा ग्राम की सीमा तक ग्रामीण सड़क/का मार्गाधिकार 30 मीटर किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसका समायोजन मास्टर/जोनल प्लान बनाते समय नगर विकास न्यास सीकर द्वारा कर लिया जायेगा। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के सम्बन्ध में आपत्ति/आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05.03.2025 को जारी की गयी।
जगदीश प्रसाद गौड (RAS), सचिव नगर विकास न्यास, सीकर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-.....
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
-: लोक सूचना :-
श्री आकाश सलूजा पुत्र श्री रविन्द्र सल